# झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
# सर्कुलर रोड, राँची

## प्रेस विज्ञप्ति

**राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक सीधी नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–06/2022) के संबंध में आवश्यक सूचना।**

झारखण्ड राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पदों पर सीधी नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–06/2022) के कुल–110 पद पर नियुक्ति हेतु अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम आयोग कार्यालय में **दिनांक–22.04.2025 से दिनांक–25.04.2025 को पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन् 05:00 बजे तक** आयोजित किया गया है।

2. अभ्यर्थी बुलावा पत्र में अंकित निर्धारित तिथि को अभिलेख सत्यापन हेतु आयोग कार्यालय में पूर्वाहन 10:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

3. वैसे अभ्यर्थी, जो पूर्व में दिनांक–18.07.2023 से दिनांक–01.08.2023 को आयोजित अभिलेख सत्यापन हेतु किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सके थे, वैसे अभ्यर्थियों को भी एक अवसर देते हुए अभिलेख सत्यापन हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। परन्तु वैसे अभ्यर्थी, जो उक्त तिथि को अभिलेख सत्यापन हेतु उपस्थित थे, उन्हें पुनः आने की आवश्यकता नहीं है।

4. औपबंधिक रूप से स्वीकृत अभ्यर्थी दिनांक–16.04.2025 से अपना रजिस्ट्रेशन नं0 एवं जन्म तिथि डालकर बुलावा पत्र (e-Call Letter) प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र (e-Call Letter) डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।

5. आयोग का दिनांक–28.08.2023 एवं दिनांक–02.02.2024 को निर्गत प्रेस विज्ञप्ति के क्रम में प्राप्त ऑनलाईन आवेदन के आलोक में अस्वीकृत अभ्यर्थियों की सूची आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

6. अंतिम तिथि तक आयोग के वेबसाईट से e-Call Letter डाउनलोड नहीं होने की स्थिति में आयोग के हेल्पलाईन नं0–9431301636 पर कार्यदिवस में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

7. अभिलेख सत्यापन में उपस्थित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार **दिनांक–05.05.2025 से दिनांक–08.05.2025** तक निर्धारित है। साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र (e-Call Letter) अलग से जारी किया जायेगा।

8. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।